स्मरण पत्र – 1

राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा
"ए" ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर–302005

क्रमांक एफ.4(ई)क0लेखा0अलेसे–III / 579 दिनांक : 21-03-18

**समस्त कनिष्ठ लेखाकार,**
**बैच–2013**

**विषय :– कनिष्ठ लेखाकार के पद पर प्रथम नियुक्ति की ज्वाइनिंग रिपोर्ट भिजवाने के संबंध में।**
**संदर्भ :– इस विभाग का पूर्व पत्रांक 314 दिनांक 07.03.2018**

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा बैच 2013 के नव नियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों को कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से कार्यग्रहण की सूचना रिपोर्ट भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु अनेक अभ्यर्थियों ने उपरोक्त निर्देशों की पालना नहीं की है।

चूंकि वित्तीय वर्ष 2018–19 की कनिष्ठ लेखाकारों की वरिष्ठता सूची शीघ्र जारी की जानी है। अतः समस्त कनिष्ठ लेखाकारों (बैंच 2013) को पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप अपनी प्रथम उपस्थिति रिपोर्ट की सूचना (कार्यालयाध्यक्ष से प्रमाणित मूल रिपोर्ट) विभागीय ई–मेल jacct.dta@rajasthan.gov.in के माध्यम से दिनांक 26.03.2018 तक आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्ति करें इसे आवश्यक समझे।

(शिल्पी कौशिक)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–III)